रोजगार महाकुंभ ने देश में ही नहीं विदेश में भी रोजगार के नए द्वार खोले, टोकन व्यवस्था लागू होने से सब सुव्यवस्थित रहा

# तीन दिन, 100 कंपनियां, 17 हजार नौकरियां

संवाद न्यूज एजेंसी

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित रोजगार महाकुंभ का बृहस्पतिवार को भव्य समापन हुआ। तीन दिवसीय आयोजन में करीब 16,897 युवाओं को ऑफर लेटर मिले। आखिरी दिन 7600 युवाओं को ऑफर लेटर दिए गए।

सुबह से ही आईजीपी के सभी सभागारों मर्करी, अर्थ, सैटर्न, नेपच्यून और मार्स हॉल में युवाओं की भीड़ उमड़ी। प्रदेशभर से आए अभ्यर्थियों की आंखों में बेहतर भविष्य की उम्मीदें चमक रहीं थीं। रोजगार महाकुंभ ने सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि विदेश में भी रोजगार के नए द्वार खोले। दूसरे दिन 9,297 युवाओं को ऑफर लेटर दिए गए थे। इनमें 982 अभ्यर्थियों को यूएई की 22 प्रतिष्ठित कंपनियों में और 8,315 युवाओं को घरेलू कंपनियों में नौकरी मिली।

■ **बेहतर प्रबंधन से मिली राहत :** पहले दिन उमड़ी भीड़ ने व्यवस्थाओं की पोल खोल दी थी। लेकिन बुधवार और बृहस्पतिवार को टोकन व्यवस्था लागू होने से सब कुछ सुव्यवस्थित हो गया। अभ्यर्थी बारी-बारी से स्टॉल पर पहुंचकर इंटरव्यू देते रहे।

ऐसे चली रोजगार एक्सप्रेस

| दिन | जॉब ऑफर |
|---|---|
| मंगलवार | 1818 |
| बुधवार | 7479 |
| बृहस्पतिवार | 7600 |
| कुल | 16897 |

**यूएई की 22 कंपनियों ने 1,612 से अधिक अभ्यर्थियों को दिए विदेश में नौकरी के अवसर**

**7600** युवाओं को ऑफर लेटर दिए गए आखिरी दिन



रोजगार महाकुंभ में बृहस्पतिवार को साक्षात्कार के लिए पंजीकरण कराते युवा। -संवाद

## उम्मीदों से ज्यादा मौके दिए

सेवायोजन विभाग की निदेशक नेहा प्रकाश ने बताया कि रोजगार महाकुंभ ने उम्मीदों से ज्यादा युवाओं को अवसर दिए। 100 से अधिक कंपनियों ने इसमें हिस्सा लिया, जिनमें 20 से ज्यादा विदेशी कंपनियां रहीं। कंपनियों ने आकर्षक पैकेज के साथ ऑफर लेटर सौंपे। आश्वासन दिया कि आगे भी वृहद स्तर पर ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन किया जाएगा।

## युवाओं ने साझा किए अपने अनुभव



आज अंतिम दिन फिर आया हूं। मुझे इलेक्ट्रॉनिक वाहनों को ठीक करने का काम आता है, पर इस क्षेत्र की कंपनी नहीं दिखी। हालांकि, वालेंटियर मदद कर रहे हैं।
**- राजीत कुमार,** बहराइच



मुझे प्लंबर का काम आता है। आश्वासन मिला है कि कुछ देर में साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। यूएई की कंपनी में नौकरी की बात चल रही है।
**- संगम कुमार,** बहराइच



मैंने आईटीआई किया है और सोशल मीडिया से रोजगार महाकुंभ की जानकारी मिली। भीड़ ज्यादा होने से टोकन मिला है, नंबर आने पर बुलाया जाएगा।
**-विशाल उपाध्याय,** जौनपुर



मैंने नेशनल पीजी कॉलेज से बीवॉक बैंकिंग एंड फाइनेंस की पढ़ाई की है। बैंकिंग क्षेत्र की कंपनियां नहीं होने से निराश हूं। बैंकिंग कंपनियों को शामिल करना चाहिए था।
**- अदिति चौरसिया,** लखनऊ

■ **पीएम विकसित भारत रोजगार योजना : पहली नौकरी पर युवाओं को मिलेंगे 15 हजार रुपये :** सेवायोजन विभाग की निदेशक नेहा प्रकाश ने बताया कि रोजगार महाकुंभ में चयनित युवाओं को पीएम विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 15 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ वही युवा उठा सकेंगे, जो प्राइवेट सेक्टर में पहली बार नौकरी प्राप्त कर रहे हैं और जिनका मासिक वेतन एक लाख रुपये तक है। प्रोत्साहन राशि का कुछ हिस्सा ईपीएफओ खाते में भी जमा होगा।

## ऐसे मिलेगा लाभ

■ योजना का लाभ पाने के लिए उम्मीदवार का ईपीएफओ पंजीकृत संस्थान में चयन होना जरूरी है।

■ प्रोत्साहन राशि दो किस्तों में सीधे बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी।

■ **पहली किस्त:** छह महीने तक लगातार काम करने पर।

■ **दूसरी किस्त:** 12 महीने की सेवा पूरी होने पर।

## युवाओं को रोजगार देने में यूपी अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल

**लखनऊ।** मिशन रोजगार की बदौलत उत्तर प्रदेश युवाओं को रोजगार देने में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। आठ वर्षों में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत से घटकर महज तीन प्रतिशत रह गई है। राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार सृजन में उत्तर प्रदेश शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। (ब्यूरो)

**1 बेरोजगारी दर में गिरावट**
- 8 साल में बेरोजगारी दर 18% से 3%।
- यूपी अब शीर्ष 5 रोजगार सृजन करने वाले राज्यों में शामिल।
- अन्य शीर्ष राज्यः तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक।

**2 कुल सरकारी नौकरियां**
- 8.5 लाख से अधिक युवाओं को अब तक सरकारी नौकरियां।
- माध्यमः भर्ती बोर्ड, विभिन्न आयोग।

**3 पुलिस विभाग में भर्तियां**
- कुल नियुक्तियां: 2.19 लाख से अधिक।
- हाल की भर्ती: 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस।
- अप्रैल 2017 से 31 जून 2025 तक।
- आरक्षी, उपनिरीक्षक, लिपिक संवर्ग

**कुल भर्तियां: 1,56,206**

**4 शिक्षा क्षेत्र में भर्तियां**
- परिषदीय शिक्षा विभाग (2018 से अब तक): 1.56 लाख से अधिक चयनित अभ्यर्थी।
- उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) : अप्रैल 2017 – मार्च 2025 : 48,593 चयनित।
- उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएससी) इसी अवधि में: 46,032 चयनित।

**5 हाल की बड़ी नियुक्तियां** - महिला एवं बाल विकास विभाग

| 2,425 | 13 |
|---|---|
| मुख्य सेविकाएं | फार्मासिस्ट |